सरैया तालाब का कराया जायेगा जीर्णोद्धार

इटावा, जागरण संवाददातारू मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट लॉयन सफारी को जाने वाले फोर लेन के किनारे स्थित ग्राम सराय दयानत के तालाब का जीर्णोद्वार कराये जाने के लिए नगर पालिका द्वारा कार्य योजना बनायी जा रही है। पालिका ने अपने राजस्व विभाग को उक्त तालाब का सर्वे करने तथा उसकी सफाई कराने के साथ ही इसके सौन्दर्यीकरण का दायित्व भी अवर अभियंता को सौप दिया है।

उल्लेखनीय है कि लायन सफारी के रास्ते में आने वाले सराय दयानत को फोरलेन से जोड़ दिया गया है। गांव के किनारे स्थित प्राचीन तालाब जो शनै–शनै अतिक्रमण का शिकार होता जा रहा है। जागरण द्वारा पहल करने के बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नीलम चौधरी ने आम जन हित को देखते हुए तथा पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इस तालाब के जीर्णोद्धार के साथ सौन्दर्यीकरण कराने का निर्णय लिया है।

नगर पालिका के राजस्व विभाग द्वारा अभिलेखों के आधार पर पहले तालाब का चिंहीकरण किया जायेगा। उसके बाद कब्जेदारों को बेदखल करके उसके किनारे–किनारे पहले चरण में कांटेदार तार लगाये जायेंगे। उसके बाद पक्की बाउंड्रीबाल बनायी जायेगी।

लंबे समय से उपेक्षा का दंश झेल रहे सरैया तालाब में जलमंजनी का साम्राज्य हो गया था। जलमंजनी के बढ़ते प्रभाव के कारण तालाब में पानी के दर्शन दुर्लभ हो गये थे। पालिका द्वारा पहले जलमंजनी साफ करायी जायेगी।

वर्षों से तालाब की सफाई न होने के कारण तालाब में तकरीबन 5 से 8 फीट तक गाद जमा हो गयी है। इसके चलते लोग अपने पशुओं को भी तालाब से दूर रखते हैं। अब जबकि तालाब के अस्तित्व का सवाल उठा तो इसके सफाई कराने को नगर पालिका परिषद आगे आ रही है।

तालाब के चारों ओर अनाधिकृत कब्जा रोकने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा चहार दीवार बनायी जायेगी। इसके साथ ही लोगों के नहाने व कपड़ा धोने की सुविधा को देखते पक्का घाट भी बनाया जायेगा।

लाइन सफारी में आने वाले पर्यटकों को लुभाने के लिए सरैया तालाब के किनारे नगर पालिका परिषद द्वारा सघन पौधरोपण भी कराया जायेगा। इससे जहां तालाब के सौंदर्यीकरण में चार चांद लगेंगे, वहीं पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

अध्यक्ष नगर पालिका कुलदीप गुप्ता संटू व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नीलम चौधरी ने बताया कि सरैया तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की कार्य योजना बनायी जा रही है, इस पर शीघ्र ही काम शुरू कराया जायेगा।

नगर पालिका परिषद इटावा,
नगर पालिका चौराहा, ग्वालियर रोड,
इटावा, उत्तर प्रदेश

ऑफिस नंबर : 05688-252397
फैक्स नंबर : 05688-252397
ईमेल आईडी : etawahnagarpalika@gmail.com